**Attack on Prime Minister's car in Srinagar**

4175. SHRI ISHWAR CHAUDHRY: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether a person tried to attack the car of the Prime Minister during his recent visit to Srinagar;

(b) whether Government have made investigations into the alleged attack; and

(c) if so, the findings thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (SHRI DHANIK LAL MANDAL): (a) No, Sir. However, a person jumped in front of the pilot car of the carcade of the Prime Minister when the Prime Minister was proceeding on Maulana Azad Road in Srinagar on 8th July, 1978.

(b) and (c). A case has been registered against the individual and the matter is under investigation.

**समाचार पत्रों के स्वामित्व को व्यापक बनाना**

4176. श्री राम सेवक हजारी : क्या सूचना और प्रसारण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उन्होंने समाचार पत्रों के स्वामित्व को व्यापक बनाने, पत्रकारिता से प्राप्त लाभ को पत्रकारों के कल्याण पर उपयोग करने और पत्रकारिता के स्तर को ऊंचा उठाने का आह्वान किया था ;

(ख) यदि हां, तो उस पर क्या प्रतिक्रिया व्यक्त की गई है ; और

(ग) इस बारे में क्या कार्यवाही की जा रही है ?

सूचना और प्रसारण मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) जी, नहीं । तथापि, सूचना और प्रसारण मंत्री ने सदा अपने विचार सभी नियंत्रणों से प्रेस की स्वतंत्रता जिसमें सम्पादकीय स्वतंत्रता भी शामिल है, तथा पत्रकारिता का स्तर ऊंचा उठाने के पक्ष में व्यक्त किए हैं ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) प्रेस आयोग, जिसका हाल ही में गठन किया गया है, प्रेस स संबधित सभी पहलुओं की जांच करेगा और सरकार के विचार हेतु अपनी सिफारिश करेगा ।

**राजस्थान परमाणु बिजलीघर, रावतभाटा के लिये भारी जल**

4177. श्री राम किशन : क्या परमाणु ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कनाडा ने अपनी सहायता से राजस्थान परमाणु बिजलीघर, रावतभाटा को भारी पानी की सप्लाई बन्द कर दी थी ;

(ख) क्या कनाडा द्वारा भारी पानी की सप्लाई बन्द किए जाने के बाद रूस सरकार ने उसकी सप्लाई प्रारम्भ कर दी है; और

(ग) कनाडा और रूस सरकार द्वारा भारी जल के प्रति किलोग्राम के लिए जा रहे तुलनात्मक मूल्य क्या है ?

प्रधान मंत्री (श्री मोरारजी देसाई) : (क) और (ख) जी, हां । कनाडा द्वारा भारी पानी की सप्लाई रोक दिए जाने के बाद, हमने सोवियत संघ के साथ भारी पानी की सप्लाई हेतु एक करार किया है । इस करार के अन्तर्गत दी जाने वाली भारी पानी की मात्रा का एक बड़ा भाग प्राप्त किया जा चुका है ।

(ग) सन् 1971 में कनाडा द्वारा दिए गए भारी पानी का लागत-बीमा-भाड़ा (हवाई जहाज द्वारा) मूल्य लगभग 510 रुपये प्रति किलोग्राम बैठता है । 1976–78 के वर्षों में सोवियत संघ द्वारा दिये गये भारी पानी का लागत-बीमा-भाड़ा (हवाई जहाज द्वारा) मूल्य लगभग 1833 रुपये प्रति किलोग्राम बैठता है ।

**Accommodations to Accordited Correspondents**

4178. SHRI L. L. KAPOOR: Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING be pleased to state:

(a) whether the Government have provided accommodation on selective basis to Accordited correspondence after the Janata Government took over the Government;

(b) if so, the details thereof; and

(c) the reasons in individual case of providing accommodation on selective basis?

THE MINISTER OF INFORMATION AND BROADCASTING (SHRI L. K. ADVANI): (a) to (c). Government do not provide accommodation on a selective basis to accredited Correspondents. There is a Screening Committee for allotment of Government accommodation from the press pool. The Committee consists of the Principal Information Officer as the Chairman and a representative each of the Press Association, News Cameramen's Association and the Directorate of Estates as members. The Committee makes allotments to accredited Pressmen on the basis of their dates of accreditation by the Press Information Bureau. For this purpose the Committee maintains waiting cum-seniority list of accredited Correspondents, on the said basis of the dates of accreditation. Sometimes, the Committee makes out of turn allotments on compassionate grounds but such allotments require the approval of the Minister of Works and Housing.

**Purchase of Canberra Aircrafts from Switzerland**

4179. SHRI KANWAR LAL GUPTA: Will the Minister of DEFENCE be pleased to state:

(a) is it a fact that an agreement was made to purchase some Canberra Aircrafts from Switzerland during the period of Emergency;

(b) if yes, the details of the agreement;

(c) is it a fact that the aircraft has not been delivered so far;

(d) how much payment has been made for them by Government and when this payment was made; and

(e) what action has been taken by Government for not receiving the aircrafts so far?

THE MINISTER OF DEFENCE (SHRI JAGJIVAN RAM): (a) No, Sir. No such agreement was made to purchase any Canberras.

(b) to (e). Do not arise.

**कोयला खानों की ओर राजस्व की बकाया राशि**

4180. श्री छवि राम अर्गल : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश में नान-कोकिंग कोयला खानों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात् भूतपूर्व मालिकों और केन्द्रीय सरकार के बीच विवाद के कारण खानों की ओर राजस्व की एक बड़ी राशि बकाया है; और

(ख) क्या यह राशि अभी वसूल की जानी है और यदि हां, तो कोलरीज एण्ड कम्पनसेशन सेटलमैंट कमिश्नर, कलकत्ता के कार्यालय में लम्बित मामलों की प्रगति की स्थिति क्या है ?

ऊर्जा मंत्री (श्री पी० रामचन्द्रन) : (क) राष्ट्रीयकरण की तारीख को भूतपूर्व कोयला खान मालिकों के पास बकाया रायल्टी के भुगतान के लिए राज्य सरकारों ने भुगतान आयुक्त के पास दावे दायर किए हैं। किन्तु केन्द्र सरकार और भूतपूर्व मालिकों के बीच कोई विवाद नहीं है।

(ख) भुगतान आयुक्त, कलकत्ता, के पास दायर किए गए कुल 47,631 दावों में से जुलाई, 1978 तक 26,568 का निपटारा कर दिया गया है। अन्य मामलों पर विभिन्न स्तरों पर विचार हो रहा है।

**कोयले का उत्पादन**

4181. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों में राष्ट्रीय कोयला विकास निगम तथा गैर-सरकारी क्षेत्र की कोयला खानों ने कितने कोयले का उत्पादन किया ;

(ख) सरकारी तथा गैर-सरकारी दोनों क्षेत्रों के अन्तर्गत खानों में कुल कितनी पूंजी लगाई गई; और

(ग) उपर्युक्त संदर्भ में बिहार की कोयला खानों के बारे में ब्यौरा क्या है ?